18 JUNE- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 6/18/2024 9:13 PM Page 1

हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 19 जून 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

4 वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों की भागीदारी का प्रयोग हुआ कारगर



## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए ट्रायल चयन आज से

**मनेन्द्रगढ़।** जिला बिलासपुर जिला में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक-बालिका की आवासीय खेल अकादमी तथा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमीय राज्य शासन द्वारा संचालित किया गया है। उक्त अकादमीय में सत्र 2024-25 के लिए नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाना है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश के लिए तीरंदाजी, हॉकी, एथलेटिक्स बालक-बालिकाओं एवं बालिका कबड्डी के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 19 से 22 जून को स्व.बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर छग में आयोजित किया जाएगास। चयन ट्रायल में अकादमी संचालन नियमानुसार 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं का चयन ट्रायल लिया जाना है। चयन ट्रायल तीरंदाजी एवं हॉकी 19 एवं 20 जून तथा एथलेटिक्स एवं कबड्डी 21 एवं 22 जून को स्व.बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, जिला-बिलासपुर में आयोजन किया जाएगा।

### 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 को

**बैकुण्ठपुर।** दसवां विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। इस दिन ग्राम पंचायत स्तर से जिला स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भारत स्वाभिमान न्यास कोरिया के जिला संयोजक पंडित अनिल महराज ने बताया कि कोरिया जिले में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित मिनी स्टेडियम में संपन्न होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी तथा छग शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। उन्होंने बताया कि शहर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में योग अभ्यास कराया जा रहा है। 21 जून विश्व योग दिवस के पूर्व ही भारत स्वाभिमान न्यास कोरिया द्वारा देवराहा सेवा समिति प्रेमाबाग के सहयोग से मंदिर परिसर स्थित योग स्थली में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा अब 28 को

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल बैकुंठपुर (जमनीपारा)के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि स्कूल में कक्षा 6 वीं, 9 वीं, 11 वीं के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश परीक्षा की तिथि 24 जून को आयोजित की गई थी। प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 25 जून तक वृद्धि की गई है, इसके कारण अब प्रवेश परीक्षा 24 जून के स्थान पर अब 28 जून को दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की गई है।

### कलेक्टर जनदर्शन में मिले 38 आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के समक्ष 38 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण तथा पेयजल से संबंधित आवेदनों पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से निराकरण योग्य आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की समस्या को लेकर लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को हैंडपंप खराब होने की सूचना मिलने पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, प्रधानमंत्री आवास, मजदूरी भुगतान, पेयजल की समस्या, राशन कार्ड सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### ग्रामीणों ने की अधिकारियों को पीटा

**सूरजपुर।** ग्राम समौली में राजस्व निरीक्षक और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ग्रामीणों ने जमकर मारपीट की। राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ लक्ष्मी प्रसाद खलखो शनिवार को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सेवाराम खेडे द्वारा क्रय की गई भूमि का मौका जांच हेतु ग्राम समौली पटना रोड मौके पर जाकर आवेदक की भूमि का राजस्व रिकार्ड के अनुसार मौका का मिलान कर रहा था। इसी दौरान ग्राम समौली निवासी चित्रगुप्त नायक, चन्द्रगुप्त नायक एवं उनके दो लड़के द्वारा विवाद करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट से राजस्व निरीक्षक व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी घायल हो गए। शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने पर राजस्व निरीक्षक ने घटना की रिपोर्ट भैयाथान थाने में दर्ज कराई।

## गैस सिलेण्डर ब्लास्ट होने से आग हुई विकराल

# आग लगने से कुदरगढ़ धाम की 10 दुकानें जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात कुदरगढ़ धाम स्थित मेला परिसर में आग लगने से 10 दुकानें जलकर खाक हो गई। आग कैसे लगी अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

**खास बात**

- फायर बिग्रेड ने पाया काबू, 5 लाख से अधिक की क्षति

व्यवसायी आग से 5 लाख से अधिक की सामग्री जलने की बात कह रहे हैं। कुदरगढ़ धाम में माता वागेश्वरी देवी का दर्शन पूजन करने सालो भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है। पहाड़ी के पास मेला परिसर में पिछले 25 सालों से लगभग 150 दुकानें संचालित हैं। सभी दुकानें तिरपाल एवं पन्नी की छाया में संचालित हो रही हैं। व्यवसायी इन्हीं अस्थाई दुकानों में परिवार सहित रहकर अपने व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। रविवार की मध्य रात्रि सेमल पेड़ के नीचे संचालित खिलौने एवं पूजा सामग्रियों की दुकानों में अचानक आग धधकने लगी। पास की दुकानों से आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के व्यवसायी परिवार सहित सुरक्षित स्थान पर भागकर अपनी जान बचाई। मेला परिसर स्थित पुलिस चौकी के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाने की जी तोड़ कोशिश की तथा तत्काल घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम ने तत्काल एसईसीएल प्रबंधन को फायर बिग्रेड उपलब्ध कराने की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रबंधन ने तत्काल फायर बिग्रेड को रवाना कर दिया। इधर पुलिस चौकी के जवान एवं व्यवसायी पानी से आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे अचानक मनिहारी दुकान में रखा गैस सिलेण्डर तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ एवं देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गनीमत थी कि जिन दुकानों से आग धधकी उनमें परिवार का कोई सदस्य उपस्थित नहीं था। चार व्यवसाई परिवार सहित अपने घर चले गए थे। इस दौरान दुकानों में किसी के मौजूद होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। डेढ़ घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो पानी की बौछारें कर रात्रि 3.30 बजे आग बुझाने में सफलता मिली। अधिकांश दुकानों में प्लास्टिक के खिलौने, मनिहारी के समान व पूजा सामग्री होने के कारण आग बुझाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। आग से व्यवसायी परिवारों के खाने-पीने के सामान, कपड़े सहित सारी सामग्री जलकर खाक हो गई है। प्रभावित व्यवसाई 5 लाख से अधिक सामग्री जलने की बात कह रहे हैं। जिला प्रशासन ने व्यवसाइयों को उचित मुआवजा भुगतान करने का आश्वासन दिया है वहीं ट्रस्ट ने व्यवसाइयों के रहने व भोजन की व्यवस्था की है।



धू_धूकर जलती कुदरगढ़ धाम की अस्थाई दुकानें।

### व्यावसायियों से मिली कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी

मेला परिसर की 10 दुकानों में आग लगने की सूचना पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची एवं व्यवसाइयों से मिलकर क्षति का जायजा लिया। उन्होंने व्यवसाइयों को शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीओपी राजेश जोशी व तहसीलदार शालीग्राम गुप्ता, प्रदीप द्ववेदी, आशीष प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे। पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने भी व्यवसाइयों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चों के सारे कपड़े जलने की सूचना पर तत्काल बच्चों को कपड़ा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष शिवबालक यादव, नपं अध्यक्ष सूरज गुप्ता, राजेन्द्र यादव, दानी पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, बैगा राम कुमार उपस्थित थे।



कार्यालय का लोकापर्ण करते स्वास्थ्य मंत्री।

# जरुरतमंदों की सभी समस्याओं का होगा निदानः श्यामबिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

हल्दीबाड़ी चिरमिरी में लोकार्पित विधायक कार्यालय में स्थानीय रहवासियों के मूलभूत सुविधाओं के त्वरित निराकरण के लिए सुव्यवस्थित कार्यालय संचालित किया जा रहा है। चिरमिरी हल्दीबाड़ी में क्षेत्रीय विधायक कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया।

- स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने कार्यालय का किया शुभारंभ

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि कार्यालय के आरंभ का मुख्य उद्देश्य यह कि जरुरतमंद आमजन को किसी भी समस्या के लिए भटकना न पडे और यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि जनता हमारे पास आकर हम जनता के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं पर समय रहते निदान कराने का प्रयास करेंगे। विधायक को राज्य स्तर पर भी राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का दायित्वों का निवर्हन के लिए अथक प्रयास पर इस कार्यालय का विशेष योगदान रहेगा।

मैं क्षेत्र में हमेशा उपस्थित नहीं हो पाने की स्थिति में कार्यालय स्टाफ द्वारा आमजन की समस्या, शिकायत एकत्रित करेंगे साथ ही उक्त कार्यालय के सुगम संचालन के लिए एक कार्यालय प्रभारी तथा सह कार्यालय प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी, जिनके द्वारा अपने स्तर पर छोटे-बडे समस्याओं का हल करेंगे, साथ ही मेरे द्वारा प्रतिदिन कार्यालय की समस्याओं, आवेदनों का संज्ञान लिया जाएगा तथा त्वरित रूप से जनता की समस्याओं का निराकरण संपादित किया जाएगा।

⏭ शेष पेज 4 पर

# कब्जाधारी ने वनकर्मी पर लगाए रुपए लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

जंगल के भीतर के हरियाली एवं वनभूमि को सुरक्षित रखने विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारी के खिलाफ किए गए कार्रवाई से बौखलाए कब्जाधारी ने 3 वर्ष बाद कार्रवाई करने वाले वनकर्मी पर रूपए लेने का आरोप लगाया है। ऐसा ही मामला एमसीबी जिले के वनमंडल मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कुंवारपुर परिक्षेत्र के दक्षिण मसौरा बीट के कक्ष क्रमांक पी 1268 का इन दिनों सोशल मीडिया के सुर्खियों में बनी हुई है।

- तीन वर्ष पूर्व का मामला, अधिकारी बोले-जांच की जाएगी

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंवारपुर परिक्षेत्र अंतर्गत दक्षिण मसौरा बीट के कक्ष क्रमांक पी 1268 के वनभूमि में लगभग 3 वर्ष पूर्व ग्राम कुदरा निवासी शिवमंगल बैगा ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया, जिसकी जानकारी चौकीदार भैयालाल यादव ने दक्षिण मसौरा बीट में पदस्थ तत्कालिक वनपाल सुरेश सिंह को दी। अवैध कब्जा की जानकारी मिलते ही वनपाल सुरेश सिंह ने समित प्रबंधक अध्यक्ष रामेश्वर भुर्तिया एवं बीट में कार्यरत तीनों चौकीदार भैयालाल यादव, बैशाखू बैगा, रामबहादुर बैगा के साथ मौके में पहुंचकर अवैध कब्जाधारी शिवमंगल बैगा को कब्जा छोड़ने की समझाइश दी गई, लेकिन शिवमंगल बैगा वनभूमि से कब्जा नहीं हटाया, बल्कि वनभूमि में कब्जे का दायरा बढ़ाने लगा, इसके बाद तत्कालीन वनपाल सुरेश सिंह एवं परिक्षेत्र सहायक जितेन्द्र कुमार ध्रुव ने 22 अक्टूबर 2021 को शिवमंगल बैगा के द्वारा किए गए अतिक्रमित वनभूमि रकबा 0.550 हे.का पीओआर नंबर 15815/15 काटकर बेदखली की अग्रिम कार्रवाई के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय कुंवारपुर में दिया। इस कार्रवाई के उपरांत वनपाल सुरेश सिंह का वन परिक्षेत्र कुंवारपुर के दक्षिण मसौरा बीट से वनपरिक्षेत्र बहरासी के रांपा बीट में स्थानांतरण हो गया, इसके बाद विभागीय लापरवाही की वजह से शिवमंगल बैगा के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हुई। अब तीन वर्ष बाद वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के निर्देश पर विभाग ने अवैध कब्जा पर कार्रवाई प्रारंभ की, तभी कब्जाधारी शिवमंगल बैगा ने तत्कालिक वनपाल सुरेश सिंह पर पट्टा बनाने के नाम पर रूपए लेने का आरोप लगा दिया। वहीं वनपाल सुरेश सिंह ने कहा कि 3 वर्ष पूर्व मेरे द्वारा बेदखली की कार्रवाई के लिए पीओआर बनाया गया था, जिसकी जानकारी शिवमंगल बैगा को होने पर मेरे ऊपर गलत आरोप लगा रहा है। कार्रवाई के दौरान मेरे साथ मौके में तत्कालिक परिक्षेत्र सहायक, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं तीन चौकीदार रहे।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-एसपी ध्रुव
वनपरिक्षेत्राधिकारी कुंवारपुर

### गाज की चपेट में आने से बालक की मौत

**जनकपुर।** सोमवार को घर के बाहर मोबाइल चला रहा एक बालक आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया, इससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला अंतर्गत कोटाडोल थाना क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम रौंक में 17 जून की शाम करीब 5 बजे सूरज प्रताप चेरवा का 15 वर्षीय पुत्र शिवकुमार चेरवा घर के बाहर पैरावट की झाला के नीचे बैठकर मोबाइल चला रहा था, इसी दौरान अचानक गरज लपक के साथ बारिश शुरू हो गई और देखते ही देखते बालक शिवकुमार आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन ने आनन-फानन में किराए का वाहन लेकर घायल बालक को इलाज के लिए तत्काल जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए, जहां उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मंगलवार को मृत बालक का पीएम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजन को सौंप दिया।

# आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी विकासखंड़ कार्यक्रम की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।





बैठक लेते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

कलेक्टर श्री लंगेह ने आकांक्षी कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा दिए गए पांच थीम स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबंद्ध सेवाएं, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास के अंतर्गत आयोग द्वारा प्राप्त 6 संकेतक पर प्रमुखता से समीक्षा की। इसमें स्वास्थ्य विभाग के गर्भवती माताओं का रजिस्ट्रेशन, डायबटीज एवं ब्लड प्रेसर स्क्रीनिंग, महिला एवं बाल विकास विभाग के गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन कृषि विभाग के मृदा परीक्षण कार्ड के विरूद्ध मृदा सैंपल कलेक्शन करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दिए गए लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा हाई कोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए 30 जून तक सोनहत विकासखंड़ को 100 तथा बैकुंठपुर को 200 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने 26 जून से स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल खुलने के पूर्व स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शाला प्रबंधन समिति का गठन करने को कहा है। 21 जून को विश्व अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तर कार्यक्रम आदर्श उच्चतर विद्यालय रामानुज मिनी स्टेडियम में की जाएगी।

कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि जिला स्तर कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम के लिए जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं वे समय पर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के भर्ती प्रक्रिया के प्रगति की जानकारी ली तथा ⏭ शेष पेज 4 पर

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जूनियर साइंटिस्ट शानू का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाला स्व. संजय पोद्दार स्मृति योग सम्मान 2024 इस वर्ष पतंजलि हर्बल रिसर्च विभाग, रिसर्च इंस्टीट्यूट हरिद्वार उत्तराखंड़ के सहायक वैज्ञानिक, मनेन्द्रगढ़ निवासी शानू दिवाकर को प्रदान जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक सतीश उपाध्याय ने बताया कि स्व.संजय पोद्दार सुपुत्र महावीर प्रसाद पोद्दार युवा समाजसेवी व्यक्ति थे, जिन्होंने कोरोना काल में कई संक्रमित व्यक्तियों को निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराकर कई परिवारों को उजड़ने से बचाया था। उनमें समाज सेवा की भावना एवं नगर के विकास के लिए कई स्वप्न भी थे, लेकिन उनके अकस्मात निधन से नगर को अपूर्ण क्षति हुई। स्व. पोद्दार की स्मृति एवं उनके किए गए योगदान को चिरस्थाई बनाने के लिए पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने स्व.संजय पोद्दार की स्मृति में सम्मान की घोषणा की है।



वरिष्ठ योग प्रशिक्षक द्वारा स्थापित यह योग सम्मान 2024 इस वर्ष दसवें अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर स्व. संजय पोद्दार के अग्रज एवं नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 के पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार (मल्लू भैया)के द्वारा प्रदान किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम के संयोजक ने स्व.संजय पोद्दार स्मृति सम्मान 2024 के लिए चयनित पतंजलि हर्बल रिसर्च विभाग की जूनियर साइंटिस्ट शानू दिवाकर के संबंध में बताया कि एमसीबी जिले की यह पहली युवा साइंटिस्ट है, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय गार्गी कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में बीएससी की उपाधि हासिल की है। वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब भटिंडा से माइक्रोबॉयल विज्ञान विशेषज्ञ के साथ एमएससी की उपाधि हासिल की हैं। शानू दिवाकर के संपूर्ण शिक्षा प्रारंभिक शिक्षा मनेन्द्रगढ़ में हुई है। वे फिलहाल पतंजलि हर्बल रिसर्च विभाग पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में सहायक वैज्ञानिक के रूप में उत्तराखंड़ में कार्य कर रही है। शानू को विश्व हर्बल एनसाइक्लोपीडिया के रूप में 2 साल का वैज्ञानिक लेखन का अनुभव भी है। गंगा की स्वच्छता के राष्टीय मिशन के तहत मिट्टी और जल का माइक्रोबायोलॉजिकल प्रशिक्षण में भी शानू ने कार्य किया है। मनेन्द्रगढ़ वार्ड नंबर 10 की निवासी शानू दिवाकर वैदिक मानस कोर्स पाठ्यक्रम एवं आचार्य बालकृष्ण जी के मार्गदर्शन में विभिन्न परियोजनाओं पर भी कार्य कर रही हैं। माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में अपनी शिक्षा और योग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्य से मनेन्द्रगढ़ गौरवान्वित हुआ है। अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर घोषित सम्मान पर नगर पालिका के वार्ड नंबर 17 के वरिष्ठ पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार ने कहा कि मेरे अनुज स्व संजय पोद्दार के सामाजिक सेवा एवं स्मृति को जीवंत बनाने के लिए प्रयास के लिए मैं साधुवाद देता हूं।

## बारिश के पूर्व सभी मिट्टी कार्यों के मूल्यांकन, सत्यापन के सीईओ ने दिए निर्देश

# अमृत सरोवरों के तट पर 21 को मनाया जाएगा योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अपनी विशेषता के कारण भारतीय योग अब भारत सहित पूरे विश्व में तेजी से अपनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 21 जून को अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन सभी अमृत सरोवरों के तट पर भी किया जाएगा, इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में पूरे जिले में यह आयोजन किया जाएगा। योग दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य स्तर से इस आयोजन के विस्तृत दिशा -निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिनके तारतम्य में जनपद पंचायतों के आवश्यक गतिविधियों की रूपरेखा प्रेषित की गई है।



जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज क्रियाओं का अभ्यास करेंगे। इसके लिए मार्गदर्शिका जारी की गई है। आमजन को योग के लाभ का महत्व बताते हुए उन्हें योग के प्रतिदिन अभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए परिचर्चा और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य आमजन को योग के प्रयोग से आम जीवन में निरोगी रहने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना होगा। गतिविधियों के आयोजन के पश्चात इसका प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं। सीईओ श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अमृत सरोवरों के तट पर आयोजन किया जाना है और यदि बारिश हो जाती है तो यह आयोजन ग्राम पंचायत भवन या उस ग्राम में उपलब्ध सार्वजनिक भवनों में भी किया जाना प्रस्तावित है। बारिश के मद्देनजर सभी मिट्टी कार्यों के त्वरित मूल्यांकन एवं सत्यापन के निर्देश भी जारी किए गए हैं। बारिश के बाद मिट्टी कार्यों के मूल्यांकन सत्यापन में दिक्कत हो सकती है, इसलिए राज्य के निर्देशानुसार सभी मिट्टी कार्यों खासकर अमृत सरोवरों और डबरी आदि के कार्यों में मिट्टी का मूल्यांकन आगामी दो दिवस में पूरा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही इन समस्त कार्यों का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोयले के अवैध खनन एवं परिवहन के लिए जांच दल गठित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले अंतर्गत समस्त कोयले खनिज पट्टों की जांच एवं खनिज कोयले के अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए चिरमिरी क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चिरमिरी-खड़गवां, नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी, एसडीओ वन विभाग दक्षिण बैकुंठपुर, क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल अंबिकापुर, खनिज अधिकारी मनेन्द्रगढ़, खनिज निरीक्षक मनेन्द्रगढ़, तहसीलदार चिरमिरी, नगर निरीक्षक थाना चिरमिरी, प्रभारी नगर निरीक्षक पोंड़ी, रेंजर वन विभाग चिरमिरी तथा हसदेव क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनेन्द्रगढ़, एसडीओ वन विभाग मनेन्द्रगढ़, अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल अंबिकापुर, खनिज अधिकारी मनेन्द्रगढ़, खनिज निरीक्षक मनेन्द्रगढ़, तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, नगर निरीक्षक सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़, रेंजर वन विभाग मनेन्द्रगढ़ को नियुक्त किया गया है। उपरोक्तानुसार संबंधित अधिकारी दिए गए कार्य क्षेत्र अनुसार जिले में स्वीकृत कोयले के समस्त खनिज पट्टा एवं खनिज कोयले का अवैध खनन एवं परिवहन के संबंध में समय-समय पर आवश्यक जांच करेंगे एवं जांच प्रतिवेदन मय स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पानी की समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य ने कराया बोर



**हरदीबाजार।** जनपद सदस्य क्रमांक 4 के सदस्य अनिल टंडन ने हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव, सुवाभोंडी -चैनपुर में पानी की समस्या को देखते हुए बोर खनन का भूमिपूजन किया। एसईसीएल दीपका के कोयला खदान, क्षेत्र का पूरा पानी अपने में समाहित कर क्षेत्र को पानी के लिए मोहताज बना दिया है। वहीं पानी की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बोर खनन का भूमिपूजन भांठापारा रेंकी रोड में अपने सौजन्य से कराया है। अब बोर हो जाने से स्वच्छ साफ पीने और नित्य क्रियाकलापों के लिए पानी मिलने लगेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पानी टेंकर के माध्यम से जो जलापूर्ति हो रही वो सही और जरूरत लोगों को नहीं हो पा रही है अधिक मात्रा में पानी की हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव दर्रा खांचा व सुवाभोंडी में पानी की गंभीर समस्या निरंतर बना हुआ है। भूमिपूजन के दौरान रामदास महंत, द्रौपदी चौहान, शारदा आर्मो, पंच कुंवर, किशोर पटेल, रंजीत महिलांगे, बसंत चौहान एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर की सेमिनार



**कोरबा।** भारतीय कुश्ती संघ के अधीन भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी सेमिनार, 13 से 17 जून तक डीएवी स्कूल शिमला में किया। इस सेमिनार में ग्रेपलिंग की तकनीकी बारीकीयों को सिखाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जखारोव (रूस) से आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में देशभर से चुने हुए निर्णायक/कोच को बुलाया गया ताकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इस सेमिनार में प्रदेश ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के राष्ट्रीय निर्णायक कार्तिक स्वामी मुदलियार एवं कोच राहुल डहरिया जागृति क्लब ढेलवाडीह भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के अध्यक्ष उमेश साहू, सचिव के. हेमंत कुमार, विमल मानिकपुरी, सचिव जागृति क्लब एवं सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी।

### फंदे में युवक की मिली लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरीपारा बस्ती निवासी नागराज बिंझवार लगभग 30 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। युवक एसईसीएल रजगामार में कार्यरत था तथा वह अपने घर में अपने बहन और अपनी मां के साथ निवास करता था। युवक ने आत्महत्या क्यों की है इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टीएलएम आधारित पुस्तक का राज्य स्तर पर विमोचन

**कोरबा।** डाइट रायपुर में राज्यभर के शिक्षकों का टीएमएल पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ एम सुधीश सर सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बीएल देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को टीएलएम आधारित पुस्तक से शिक्षा दे रहे हैं। कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें? पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है। पुस्तक विमोचन पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे।

### कलेक्टर ने खेल सुविधाओं के उन्नयन हेतु किया निर्देशित

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर कलेक्टर ने परिसर मे डीएमएफ से स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में खेल सुविधाओं का उन्नयन करने हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट आदि का निरीक्षण करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### रिवर व्यू गार्डन में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में डीएमएफ के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफ मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने नगरीय क्षेत्र विवेकानंद शैक्षणिक परिसर, ई-लाइब्रेरी, इंदिरा स्टेडियम परिसर, अशोक वाटिका, दर्री के रिवर व्यू गार्डन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन कर प्रगतिरत अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रिसदी के समीप निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के सभी हॉल, दुकानों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य के संबंध में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा की एक ही छत के नीचे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए यह परिसर तैयार किया गया है। इसके संचालन से नगरवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस हेतु परिसर में जल्द से जल्द कोचिंग एवं दुकानों के संचालन हेतु निगमायुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने डिंगापुर स्थित ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण करते हुए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, सभा कक्ष, श्रव्य दृश्य कक्ष, समूह चर्चा कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उनके एकाग्र अध्ययन हेतु सुविधाजनक वातावरण के विकास हेतु जरूरतों के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की। दर्री के रिवर व्यू गार्डन में डीएमएफ अंतर्गत किए गए कार्यो का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने शहर की आवश्यकता एवं मांग को ध्यान में रखते हुए भविष्य में शहर के अंदर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु रिवर व्यू गार्डन को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने निगमायुक्त को रिवर व्यू गार्डन में वोटिंग सहित अन्य वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी प्रारंभ करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



स्टेडियम परिसर का अवलोकन करते कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारी।

# कलेक्ट्रेट में महिला उत्पीड़न को लेकर लगेगी शिकायत पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

कार्य के दौरान सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के होने वाले मामलों को लेकर शिकायत पेटी लगाई जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में ही पेटी लगाने के निर्देश राज्य महिला आयोग के द्वारा पूर्व में जारी किया गया है जिसपर अमल हो रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों के अलावा शहर के अन्य स्थानों में चलने वाले दफ्तरों में भी शिकायत पेटी लगाने की तैयारी की जा रही है।

राज्य महिला आयोग ने प्रदेशभर में सरकारी दफ्तरों में कार्य के दौरान महिलाओं को होने वाली परेशानियों एवं अन्य समस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान इस बात की जानकारी दी थी कि आयोग ने सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर प्रत्येक कलेक्ट्रेट में शिकायत पेटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत कोरबा जिले में भी सरकारी दफ्तरों में शिकायत पेटी लगाए जाने की तैयारी हुई थी किंतु कुछ कारणों की वजह से सभी कार्यालयों में इसका अमल नहीं हो सका था। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वजह से कई सरकारी काम बंद हो गए थे। कलेक्ट्रेट के हर दफ्तरों में कामकाज शुरु होने के साथ अब शासन प्रशासन के उन निर्देशों पर भी अमल हो रहा है जो रुक हुए थे। महिला शिकायत पेटी अब अनिवार्य रुप से कलेक्ट्रेट एवं अन्य सरकारी दफ्तरों में लगाई जाएगी।

**खास बात**

- राज्य महिला आयोग के निर्देश पर होगा अमल

**बढ़ रही महिला कर्मचारियों की संख्या**

कलेक्ट्रेट के सरकारी दफ्तरों में पिछले कुछ वर्षों से महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है। जिनकी सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन गंभीर है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिला कर्मचारियों की अत्याधिक संख्या की वजह से एक पूरे विधानसभा को ही महिला कर्मचारियों के हवाले कर दिया गया था। जिला प्रशासन के हर विभाग में महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। जिसको लेकर राज्य महिला आयोग के अपने अलग निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# हादसों को रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर लगाया जा रहा रेडियम रिफ्लेक्टर टेप



रेडियम रिफलेक्टर लगाते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी. एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा और एसडीओपी पंकज ठाकुर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा व पाली थाना स्टाफ द्वारा नेशनल हाइवे एवं पाली दीपका रोड में विशेष अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सड़क के दोनों ओर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है उस क्षेत्र के पेड़ एवं मोड़, पुल वाले स्थल में रेडियम टेप लगाया गया ताकि जितने भी वाहन चालक हैं खतरों से आगाह हो सके। इसके साथ ही रात्रि में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क के दोनों ओर रेडियम टेप लगाया गया। जिससे वाहन चलते समय चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में आसानी हो और दुर्घटाओं से बचा जा सके। इस मुहिम के दौरान पाली पुलिस द्वारा बस, आटो व ट्रेलर वाहन संचालकों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। साथ ही गलत तरीके से वाहन चलने वालो चालको के लिए चेतावनी भी दी है कि शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ में लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब पीकर गाड़ी चलाना वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

# कीटनाशक का छिड़काव, पेयजल की गुणवत्ता रहे सुनिश्चित : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है, अतः इसे देखते हुए जलजनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें, नालियों आदि में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व पाईप लाईनो के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, अन्य पेयजल स्त्रोतों की शुद्धता की भी आवश्यकता अनुसार जांच कराएं तथा दूषित पानी पाए जाने पर तत्काल उसे उपचारित कर जल का शुद्धिकरण कराएं।

उक्त बातें आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान संक्रामक व जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया, डायरिया, डिसेंटरी, डेंगू, मलेरिया, आदि की संभावनाएं बनी रहती है, इन बीमारियों से बचाव व सुरक्षा हेतु अभी से ही एहतियाती कदम उठाएं तथा आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि नालियों व अन्य जल ठहरने वाले स्थलों पर लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित करें, सफाई कार्यो व स्वच्छता पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा है कि जल प्रदाय हेतु स्थापित पानी टंकियों की सफाई, पाईप लाईनों में यदि लिकेज या टूट-फूट होता है तो तत्काल सुधार कार्य, सार्वजनिक नल व हैंण्डपम्पों की सफाई, हैंण्डपम्पों के जल को कीटाणु रहित करने ब्लीचिंग पाउडर आदि का उपयोग आदि की कार्यवाही कराएं। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान कीटजनित बीमारियों की संभावना बनी रहती है, अतः मच्छरों आदि को पनपने व उनको बढ़ने से रोकने के लिए लगातार वार्ड, बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी रखें, लोगों के घरों में रखें हुए कूलरों का पानी प्रतिदिन बदला जाए, इस दिशा में लोगों को लगातार जागरूक करें, उन्हें समझाईश दें कि वे कूलर का पानी प्रतिदिन बदले, साथ ही उनके घर या आसपास में रखी हुई अपशिष्ट सामग्रियों में पानी का जमाव न होने पाएं, इस हेतु सजग रहें।

**खास बात**

- जल जनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



दवा का छिड़काव करते निगम कर्मी।

**कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी**

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त के निर्देशानुसार वार्डवार रोस्टर तैयार कर नालियों, जलस्त्रोतों के आसपास तथा अन्य आवश्यक स्थलों पर निगम द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है ताकि मच्छरों आदि के पनपने व उनको बढ़ने से रोका जा सके। उन्होने बताया कि निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस दिशा में लोगों को निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है।

**आयुक्त ने की आमजन से अपील**

आयुक्त सुश्री ममगाई ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया डायरिया, डिसेंटरी व कीटजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव व सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, घरों में मच्छरों को न पनपने दें, कूलर, छत व घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर पानी की टंकी, खाली टायर, फूलदान, छत में रूका बरसाती पानी सहित अन्य अपशिष्ट वस्तुओं में रूका हुआ बरसाती पानी नियमित रूप से खाली कराएं ताकि मच्छरों के पैदा होने व उनके पनपने का अवसर न मिले, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली, परदें लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं।

# चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय हाई स्कूल ढिटोरी, करतला में ब्लॉक स्तरीय एफएलएन का चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण के लिए करतला ब्लॉक में तीन जोन बनाए गए हैं। जोन एक में करतला, दो में बरपाली और तीन में बिटोरी है। तीसरे जोन के प्रभारी प्राचार्य कृष्णमुरारी व मेंटर यादव एसआरजी श्रद्धा शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में भागवत जायसवाल सीएसी सुखरीकला, शान्ति लाल कश्यप सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल, ठाकुरदिया पारा खरवानी, बसंत कुमार मिरी सीएसी खरवानी और सहयोगी तेजराम चंद्रा सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल द्वारीपारा ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में भाषा और गणित के शिक्षक संगदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तक के साथ अलाइमेंट करते हुए चार ब्लॉक मॉडल पर के बारे में बताया गया। साथ ही एनईपी, एनसीएफ, एफएसई जादुई पिटारा, नवाजतन, स्कूल रेडिनेस और बालवाड़ी आदि प्रशिक्षण में शामिल रहा। प्रशिक्षण में 11 संकुल, जिसमें विटोरी, खरवानी, सोहागपुर, सुखरीकला, फरसवानी, चिचोली, कोथारी, बीरतराई, कराइतारा, पठियापाली और उमरेली के सभी बीआरजी शिक्षक प्रशिक्षार्थियों ने चार दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट के डाइट प्रशिक्षण प्रभारी किरण लता शर्मा और ज्योति श्रीवास ने निरीक्षण किया।




### नाले के किनारे युवक की मिली थी लाश, हुई पहचान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेपरा निवासी पवन सारथी 20 वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि वह पिछले 5 महीने से बोर गाड़ी में काम करता था और वह दरगानाला में कैसे पहुंचा यह परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पवन की हत्या कर नाले में लाश को ठिकाने लगाया गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# पिता को टांगी से उतारा मौत के घाट, भाग रहा था केरल, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी के पासे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर केरल भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सूझ बूझ काम आयी और पुलिस ने उसे भागने से पहले ही धरदबोचा।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो निवासी अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट को टांगी के पासा से मारकर हत्या कर दिया।

**चार भाइयों में बीच का है अशोक**

जानकारी के अनुसार मृतक दिलचंद केवट बालको संयंत्र में एक कंपनी में काम करता था और उसका बड़ा पुत्र संतोष केवट अपने परिवार के साथ उसी गांव में निवास करता था जबकि अशोक और दिलचंद एक साथ ही निवास करते थे जबकि एक पुत्र की मौत हो चुकी है जबकि एक और छोटा पुत्र केरल में ही निवास करता था।

**शादी के लिए बना रहा था दबाव**

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक आरोपी अशोक केवट जो काम के सिलसिले से अक्सर केरल जाया करता था जो पिछले कुछ महीनो से अपने घर दोनों में ही अपने पिता के साथ निवास कर रहा था। बताया जाता है कि दिलचंद अपने पुत्र अशोक के साथ ही निवास करता था और बताया जाता है कि अशोक केवट लगातार अपने पिता से शादी के लिए दबाव बना रहा था कि उसकी जल्दी से जल्दी शादी करा दी जाए। बताया जाता है कि वारदात के दिन भी इसी बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ था जिसके बाद अशोक केवट ने अपने पिता दिलचंद केवट पर टांगी के पासे से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद उल अजहा की नमाज की गई अदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को अकीदत के साथ बकरीद मनाई गई। सुबह लोगों ने मस्जिद और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद घरों में त्याग और बलिदान की भावना के साथ बकरों की कुर्बानी दी गई। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने बताया कि कुर्बानी अल्लाह को बहुत प्यारी है। कुर्बानी के गोश्त का तीन हिस्सा कर एक हिस्सा गरीबों को सदका किया जाता है। दूसरा हिस्सा दोस्त, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को और तीसरा हिस्सा खुद इस्तेमाल किया जाता है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धूमधाम से बकरीद त्यौहार मनाया गया। मस्जिदों में नमाज पढऩे के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दीं। मुस्लिम बंधुओं ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। कुर्बानी कबूल करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में फातिहा भी पढऩे पहुंचे। यहां अपने मरहुमों के हक में दुआ मांगी गई।इस दौरान सभी से अमन और भाईचारा कायम रखने की अपील की गई। पर्व पर जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाता है। नमाज के बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम और पैगंबर हजरत इस्माइल की असीम कुर्बानी को याद करते हुए बकरा की कुर्बानी दी गई। कुर्बानी पर्व बकरीद पैगंबर हजरत इब्राहिम व पैगंबर हजरत इस्माइल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।कोरबा में स्थित इबादतगाहों पर ईद-उल-अजहा की नमाज तय वक्त में अदा की गई।



नमाज अदा करते समाज के सदस्य।

### बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता मासूम के साथ लापता

**कोरबा।** अपने 4 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता महिला लापता हो गई है परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की सूचना पाली थाने दर्ज करा दिया है। पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिल्ली निवासी भानु प्रताप यादव की पत्नी श्रीमती बबीता यादव 38 वर्ष 12 जून की सुबह 10 बजे अपने 4 वर्षीय पुत्र लक्ष्य प्रताप यादव को साथ लेकर यूनियन बैंक पोड़ी जाने के नाम पर घर से निकली है। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर रिश्ते नाते में खोज खबर की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। पति भानु ने पाली थाने में इसकी लिखित सूचना दर्ज करा दी है।

18- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/18/2024 7:49 PM Page 1





# 'कनप्पा' के टीजर में अक्षय और प्रभास को देख फैंस हुए क्रेजी...

**मुंबई।** हाल ही फिल्म 'कनप्पा' का टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इस फिल्म में एक-दो बल्कि कई बड़े स्टार्स हैं, जिनकी झलक देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार और प्रभास भी 'कनप्पा' का हिस्सा हैं और उन्हें टीजर में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लेकिन 'कनप्पा' के टीजर में प्रभास और अक्षय कुमार दोनों को ही पहचान पाना मुश्किल है। कनप्पा में विशाल मंचू लीड रोल में हैं और वह भगवान शिव के भक्त बने हैं। टीजर में उनका लुक एकदम हैरान कर देने वाला है। वहीं अक्ख्य कुमार और प्रभास के माथे व आंखों वाले हिस्से को टीजर में दिखाया गया है। 'कनप्पा' के टीजर में वायुलिंगम को चुराने के प्रयासों की कहानी बताई गई है।

लाइफ Style

# कियारा



## एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था।

अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह 'बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं'।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें क्रू मेंबर बोलती नजर आ रही है कि, जब मेरे साथियों ने कियारा को काजू और बादाम दिए तो उन्होंने बहुत ही बेरहमी से इनकार कर दिया और उनसे अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वो उन्हें काजू दे सकें। इस इंटरव्यू में केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे बहुत अच्छी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'हाउस ऑफ...' सीजन-2 रिलीज...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 2 का प्रीमियर रविवार से शुरू हो गया। इस सीजन में हाउस ऑफ ड्रैगन्स के दूसरे सीजन के साथ ही ड्रैगन्स की कहानी फिर से शुरू होगी। दरअसल, दो साल के अंतराल के बाद एचबीओ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के लिए दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए वापस आ गई है। दूसरे सीजन का पहला एपिसोड रविवार को रिलीज किया गया।




# कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते

**लॉस एंजिलिस।** सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सिको में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके 'तब और अब' का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि 'कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।' अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं। सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह 'एच एंड एम' ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं।



# सोनाक्षी की वेडिंग में नहीं आएंगे पिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वीडियो के मुताबिक शादी के फंक्शन्स मुंबई में होंगे और परिवार ने इसके लिए 23 जून की तारीख मुकम्मल की है। फिल्ममेकर और सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी सिन्हा परिवार के क्लोज हैं और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वो इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। पहलाज निहलानी ने उन अफवाहों का भी खंडन किया जिनमें बताया जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा उनकी बेटी की जहीर इकबाल के साथ शादी का हिस्सा नहीं बनेंगे। खुद को सोनाक्षी सिन्हा का 'मामा' कहने वाले प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने बातचीत में कहा कि उनकी मौजूदगी के बिना शादी होगी ही नहीं।



# 'बॉर्डर-2' नहीं, 'सूर्या' की करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सनी देओल ने साल 2023 में 'गदर 2' से जबरदस्त कमबैक किया। इस फिल्म ने देश में 525.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जबकि वर्ल्डवाइड 686 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। सीक्वल फिल्म की सफलता को देखकर अब जहां सनी की 'बॉर्डर 2' की रिलीज की चर्चा जोर-शोर से हो रही है, वहीं खबर है कि इस फिल्म से पहले वह अपनी क्राइम-थ्रलिर 'सूर्या' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते गुरुवार को 'बॉर्डर 2' की रिलीज डेट का ऐलान हुआ है और यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होनी है। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल 2022 में शुरू हुई अपनी फिल्म 'सूर्या' को पहले पूरा करने में जुट गए हैं। सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में 'लाहौर 1947' भी है।

## टीवी मसाला



# 'द ग्रेट इंडियन...' नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**मुंबई।** टीवी पर कई साल तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नजर आ रहे हैं। उनका नया शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को मिला-जुला रिएक्शन मिला है। इस शो में अब तक रणबीर कपूर से लेकर बॉबी देओल, आमिर खान और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब चूंकि शो का पहला सीजन खत्म होने की कगार पर है, ऐसे में इसके दूसरे सीजन को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कपिल शर्मा ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन को लेकर कहा, 'ये 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला सीजन शानदार रहा है। इसमें कई चीजें पहली बार हुई हैं और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हम दुनियाभर से मिल रहे प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं। इस शो के लिए नेटफ्लिक्स के साथ काम करना काफी तसल्ली भरा अनुभव रहा और इसी के साथ हम वादा करते हैं कि हम अपने दर्शकों को अगले सीजन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाएंगे।'

## दीपिका कर सकती हैं टीवी पर वापसी

**मुंबई।** 'ससुराल सिमर का' से फेमस एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ पर्दे से लंबे समय से गायब हैं। उन्होंने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी की। हालांकि



उसके बाद काम किया लेकिन बाद में घर बैठ गईं और अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। शोएब तो इंडस्ट्री में काम करते रहे लेकिन दीपिका ने सब बंद कर दिया। लेकिन लोग हमेशा यही पूछते कि वह पर्दे पर कब वापसी कर रही हैं, जिसका जवाब अब शोएब ने दिया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब वाले सेशन में शोएब इब्राहिम ने अपने चाहने वालों की जिज्ञासाओं को शांत किया है। एक यूजर ने उनसे ये सवाल किया, 'दीपिका मैम क्यों टीवी इंडस्ट्री में वापस नहीं आ रही हैं?' इस पर शोएब ने नहीं, बल्कि दीपिका कक्कड़ ने खुद ही जवाब दिया। साथ ही चुटकी भी ली। दीपिका ने कहा, 'सिर्फ इसलिए क्योंकि इस वक्त मेरा मन नहीं है। इसका कोई कारण नहीं है। लाइफ में हर स्टेज पर आप कोई चीज तय करते हो और मेरी तरफ से मेरा पूरा फोकस और कमिटमेंट जहां है वो रूहान की तरफ है।'


# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना 'ब्रोकन 'ट्रीहाउस'



**मुंबई।** 'गदर' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की 'जेएनयू' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली




सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।

# शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज



**मुंबई।** क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

## फिट से हिट का फार्मूला

# फिल्मों के लिए स्टार्स ने किया गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन...

***मुंबई।*** *कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने फिल्म के लिए 18 किलो वजन कम किया। इसके लिए कार्तिक आर्यन ने चीनी खाना तक छोड़ दिया था। आइए जानते हैं उन एक्टर्स के बारे में जिन्होंने फिल्मों के लिए हैरान करने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।*



**फरहान अख्तर :** साल 2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' के लिए फरहान अख्तर ने एथलीट जैसी बॉडी बनाने के लिए तगड़ी मेहनत की थी। उन्होंने इस फिल्म के लिए पहले वेट को बढ़ाया था। उसके बाद, उन्होंने फिल्म में 15 किलो तक वजन घटाया था।



**भूमि पेडनेकर :** साल 2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हईशा' के लिए भूमी पेडनेकर ने अपना वजन बढ़ाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्होंने 27 किलो वजन बढ़ाया था। फिल्म में उनका वजन 92 किलोग्राम था।



**विद्या बालन :** विद्या बालन ने अपनी फिल्म द डर्टी पिक्चर के लिए 12 किलो वजन बढ़ाया था। 'द डर्टी पिक्चर' में साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सिल्क स्मिता की कहानी दिखाई थी।



**आमिर खान :** आमिर खान की फिल्म 'दंगल' को दर्शकों से बहुत प्यार मिला था। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान ने 25 किलो वजन बढ़ाया था। वहीं, बाद में फिल्म में कुछ हिस्सों के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था।



**करीना कपूर:** साल 2008 में फिल्म 'टशन' आई थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर ने लगभग 20 किलो वजन घटाया था। इस फिल्म के बाद 'जीरो फिगर' टर्म चर्चा में आया था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा ने फिल्म 'वीर सावरकर' के लिए एक्सट्रीम बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया था। इस फिल्म से पहले रणदीप ने 'सरबजीत' फिल्म के लिए एक्सट्रीम वेट लॉस किया था। उन्होंने फिल्म के लिए 28 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था।

# अल्लू की 'पुष्पा 2' की रिलीज टली...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई 'पुष्पाः द राइज' की दूसरी किस्त 'पुष्पाः द रूल' को लेकर सुर्खियां में हैं। 'पुष्पा' ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें 'पुष्पा 2' का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए 'पुष्पा 2' की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'पुष्पा 2' अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, 'पुष्पा 2' में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में केबिनेट मंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बिश्रामपुर।** सोमवार को अटल सेवा भवन भैयाथान में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जनदर्शन शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन शिविर में भटगांव विधानसभा क्षेत्र के आमजनों ने लिखित में समस्याएं रखी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने क्षेत्रीय कार्यलय भैयाथान में लोगो के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।बताया गया कि जनदर्शन शिविर में 275 आवेदन लिखित में प्राप्त हुए और 61 समस्याएँ मौखिक रूप से सुनाईं गयी जिसमें 115 आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण किया गया। और शेष का जल्द समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया ,अधिकांश शिकायत राजस्व से जुड़ी रहीं जिस पर मंत्री ने समस्याएं जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। पुलिस से संबंधित कुछ शिकायतों को उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर हल कर दिया। इसके बाद पेयजल, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि समस्याओं को जल्द दूर कराने का उपस्थित ग्रामीणों को आश्वासन दिया , अन्य विषयों पर मौके पर उपस्थित जनपद सीईओ विनय कुमार गुप्ता ,कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एक्का सहित अन्य अधिकारियों को समस्याओं के अति शीघ्र निदान कर अगले शिविर में रिपोर्ट पेश करने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर भटगांव विधानसभा क्षेत्र के जनमानस के साथ भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद पर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन विवाद पर सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर महावीर कालोनी निवासी प्रार्थी किराना व्यवसाई संजय कुमार झा पिता स्व. वशिष्ठ नारायण झा सोमवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम पंचायत सतपता में स्थित ख़सरा नंबर 30/31 में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करा रहा था। इस दौरान बिश्रामपुर निवासी कालरी कर्मी प्रशांत रोशन पांडेय पिता स्व.राजेंद्र पांडेय अपने भाई पटवारी आशुतोष पांडेय के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि को अपना बताते हुए निर्माण कार्य को रोकने की बात कहकर संजय झा व भाई अशोक झा पर ईंट व डंडा से हमला कर दिया जिससे प्रार्थी व उसके भाई के सिर, दाएं हाथ में चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### केशवनगर में विवाहिता को प्रताड़ित करने मामले पति समेत तीन अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने विवाहिता के पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विवाहिता शालू मोदनवाल का विवाह फरवरी 2022 में केशवनगर निवासी चंद्रलाल मोदनवाल से सामाजिक रीती रिवाज से हुआ था ,विवाह के कुछ दिन बाद से पति व उसके घर वाले कम दहेज लाई हो कह कर प्रताड़ित करने लगे तथा बाद में पांच लाख रुपये मायके से लाने के लिए दबाव बनाने लगे,रुपए मिलने के बाद ही घर में घुसने देने का दबाव बनाते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इस दौरान गत चार मार्च को विवाहिता के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया गया।

### शिक्षकों को दिया गया द्वितीय चरण का एफएलएन प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** विकासखंड सूरजपुर में प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों हेतु विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन 10 जून से किया जा रहा है जिसके तहत सोमवार को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। शिक्षकों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए विकासखंड को 3 जोन में बांटा गया है तथा प्रत्येक जोन में 15 से 16 संकुलों के शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से 4-4 दिन का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के अंतिम दिन में प्रशिक्षणार्थियों ने जोन- 2 अंतर्गत स्थापित प्रशिक्षण केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ मिलकर शाला परिसर की साफ सफाई में अपना योगदान दिया और उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई।

## पेज 1 का शेष...

### जरुरतमंदों की सभी ...

**पूर्व में भी संचालित रहा कार्यालय-** बीते विधानसभा चुनाव उपरांत कुछ ही समय पश्चात लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण विधायक कार्यालय के आरंभ होने में विलंब हो चुका था। उल्लेखनीय है कि विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के प्रथम कार्यकाल वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक के दौरान भी श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निदान के लिए चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवां में इसी प्रकार के कार्यालय स्थापित किया गया था। विधायक श्री जायसवाल के द्वितीय कार्यकाल में आमजन के विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए स्थानीय कार्यालय की मांग बढ़ती जा रही थी।

### आकांक्षी विकासखंड ...

शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के अधिकारी से लक्ष्य के विरूद्ध खाद-बीज के वितरण तथा उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सोनहत राकेश साहू व संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जंगल जलने की घटनाओं में आई कमी

# वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों की भागीदारी का प्रयोग हुआ कारगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की भागीदारी का प्रयोग इस बार काफी सफल रहा। वनों की सुरक्षा में ग्रामीणों को भागीदार बनाने से इस बार जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी आई है। गर्मी के मौसम में आग लगने से वनों को भारी नुकसान होता है तथा हर साल हजारों एकड़ जंगल तबाह हो जाता है।

**खास बात**

- पिछले साल की तुलना में आधे से भी कम जले जंगल

कुछ क्षेत्रों के ग्रामीण खुखड़ी, पुटू की लालच में जंगलों में आग लगाते हैं तो वन्य जीवों का शिकार करने के उद्देश्य से शिकारी आग लगाते हैं। महुआ का सीजन शुरू होते ही जंगल जलने की घटनाएं शुरू होती हैं जो जून मध्य तक जारी रहती है। ग्रामीण महुआ फुल एकत्र करने के लिए सूखे पत्तों में आग लगाकर छोड़ देते हैं जिससे वनों में आग फैल जाती है तथा वनस्पतियां झुलसकर नष्ट हो जाती हैं। वनों को आग से बचाने विभाग पिछले कई सालों से जागरूकता अभियान चला रहा है लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। इस बार वन अधिकारियों ने प्रारम्भ में ही वनों को आग से बचाने के लिए सम्बंधित क्षेत्र के ग्रामीणों को भागीदार बनाया साथ ही जंगल में आग लगने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भी संदेश दिया। वन अधिकारी गांव-गांव तक अपना संदेश पहुंचाने में सफल हुए। इस तकनीक से सकारात्मक प्रभाव पड़ा एवं जंगल जलने की घटनाएं काफी कम हुई। इस बार भी जंगल जलने की घटनाएं हुई लेकिन ग्रामीणों की सजगता के कारण आग को तत्काल बुझाने में भी सफलता मिली। इसका परिणाम हुआ कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जंगल जलने की घटनाएं आधे से भी कम हुई। विभाग की सख्ती के कारण इस बार मैदानी अमला भी वनों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील बना रहा। वरिष्ठ वन अधिकारियों द्वारा नियमित जंगल जलने की घटनाओं की समीक्षा करने के कारण भी घटनाओं में काफी कमी आई। पिछले साल सरगुजा वनवृत्त के सभी 6 वनमण्डलों में जंगल जलने की 3832 घटनाएं हुई थी जबकि इस साल 1525 घटनाएं हुई है।



### बलरामपुर में सर्वाधिक घटनाएं

वनों की समृद्धि के मामले में बलरामपुर वनमण्डल सबसे आगे है। बलरामपुर में अभी भी बड़े-बड़े घने जंगल हैं। जंगल जलने की घटनाओं में भी बलरामपुर वनमण्डल हमेशा आगे रहा है। यहां हर साल जंगल जलने की सर्वाधिक घटनाएं होती हैं। पिछले साल बलरामपुर वन मण्डल में जंगल जलने की 1111 घटनाएं हुई थी। इस बार भी जंगल जलने के मामले में बलरामपुर वन मण्डल अव्वल है लेकिन घटनाओं में काफी कमी आई है। इस बार बलरामपुर वनमण्डल में जंगल जलने की 423 घटनाएं हुई है। इसी तरह सूरजपुर वन मण्डल में पिछले साल जंगल में आग लगने की 537 घटनाएं हुई थी जो इस बार 211 घटनाओं तक सीमित रही। सरगुजा वन मण्डल में पिछले साल 334 घटनाएं हुई थी वहीं मण्डलों में भी जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी आई है।

### मौसम का भी मिला साथ

जंगल जलने की घटनाओं में कमी आने के पीछे मौसम की मेहरबानी की भी अहम भूमिका रही। इस साल मार्च महीने की शुरूआत से ही पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से बीच-बीच में वर्षा होती रही। बेमौसम बारिश से इस बार महुआ की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा। फसल भी कम आई। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बीच-बीच में वर्षा होने के कारण जंगल जलने की घटनाएं कम हुई। विभिन्न क्षेत्र के जंगलों में हाथियों के मौजूद होने के कारण भी संग्राहक महुआ संग्रहण से दूरी बनाए रहे। इन कारणों से विभाग को प्रकृति का भी साथ मिला।

### सामूहिक प्रयास का प्रतिफल

इस बार जंगल में आग लगने की घटनाओं में काफी कमी आई है। यह वन अधिकारी-कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। वनों को आग से बचाने के लिए बीटगार्ड से लेकर सभी वन मंडल अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की है।

-वी मातेश्वरन
ससीएफ, सरगुजा



## गंगा दशहरा के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर नगर के मां महामाया मंदिर के समीप कनहर नदी छठ घाट में आरती करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

गंगा आरती में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, सुभाष जायसवाल, आरके पटेल, अशोक जायसवाल, शैलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। गंगा दशहरा के साथ मां गायत्री जयंती भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गंगा दशहरा के अवसर पर उमड़े जन सैलाब इस बात का परिचायक है कि कन्हर नदी से आप सब का गहरा लगाव एवं आस्था है। यह नदी हम सबके लिए गंगा के सदृश्य है। जिस प्रकार मां गंगा उत्तर में बहती है उसी प्रकार कन्हर भी उत्तर दिशा में बहती है। कनहर नदी का पानी उत्तर प्रदेश में सोन नदी में मिलता है और सोन नदी में जाकर गंगा में मिलती है। जिस प्रकार नगर को साफ सुथरा रखने में नगरवासी सहभागी बनते हैं उसी प्रकार से कनहर नदी को भी साफ सुथरा रखने में सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। गंगा दशहरा आयोजन समिति के प्रमुख विकास दुबे ने कहा कि नगर में गंगा दशहरा का आयोजन होते आ रहा है साल दर साल आयोजन की भव्यता नगर वासियों के सहयोग से बढ़ते जा रही है आने वाले समय में गंगा दशहरा को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। गंगा दशहरा आयोजन में सम्मिलित होने बड़ी संख्या में महिलाएं छठ घाट पहुंची थी। महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के लिए दिया भी लाया गया था जब आरती के पश्चात नदी में दीप प्रज्वलन हुआ तो एक साथ हजारों दिया से पूरा छठ घाट जगमगा उठा। गंगा दशहरा एवं मां गायत्री जयंती के अवसर पर विधि विधान से नगर पुजारी नंदू पांडे के नेतृत्व में महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी जितेंद्र पांडे, शिव मंदिर के पुजारी श्याम कुशल पांडे, दामोदर मिश्रा, विनय पांडे सहित अन्य पुजारी के दल ने विधि विधान से शंख ध्वनि के बीच गंगा दशहरा एवं मां गायत्री जयंती पर अनुष्ठान पूर्ण कराया। इस दौरान सुभाष केसरी, सुनील गुप्ता, अजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, विजय रावत, धर्म प्रकाश केशरी, आशीष गुप्ता, अंकित गुप्ता,अमित गुप्ता, महेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, निशांत गुप्ता, विनोद केसरी सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

- एक साथ हजारों दीया से जगमगा उठा कनहर नदी

## रौनियार समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ़ का शपथ ग्रहण

**सलका अघिना।** रौनियार बंधुओं के समक्ष रौनियार समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। रौनियार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने मोबाइल से समाज के कार्यक्रम में शामिल रौनियार बंधुओं को संबोधित किया। साथ ही रौनियार समाज के गठन का दायित्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, निर्वाचन अधिकारी तथा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपते हुए कार्यक्रम आगे जारी रखने की अनुमति प्रदान की।

- सलका अघिना के मोक्ष नारायण गुप्ता बने जिलाध्यक्ष

इस अवसर पर दूर-दूर से आए समाज के वरिष्ठ का औपचारिक स्वागत सम्मान के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। सलका से आए मोक्ष नारायण गुप्ता ने कहा कि 1983 से रौनियार समाज से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुनाव किया जाए। वहीं निर्वाचन अधिकारी आईपी गुप्ता ने निर्वाचन की प्रक्रिया के बीच मतभेद की वजह पदलोलुपता और अति महत्वाकांक्षा को बताया। जहां सभी ने उनकी भूमिका पर उनकी सराहना की। इस अवसर पर गिरीश गुप्ता,अशोक गुप्ता, गोपाल गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने सूरजपुर जिला रौनियार समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में मोक्ष नारायण गुप्ता के नाम की घोषणा किया। अंबिकापुर के होटल में शपथ ग्रहण समारोह का यह कार्यक्रम लगातार चार घंटे तक जारी रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश सचिव मनोहर गुप्ता एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जशपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सरगुजा जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, पचकौड़ी प्रसाद गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, अजय गुप्ता, भागवत गुप्ता, संजय गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, प्रदुमन गुप्ता, जवाहर गुप्ता, सतीश गुप्ता, बसंत गुप्ता, निलेश गुप्ता, गौतम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पर कार्रवाई

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल शराब पीने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी के पास से अवैध शराब जब्त किया गया है। गांधीनगर पुलिस ने भगवानपुर शराब भट्ठी रोड के समीप सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में गांधीनगर पटपरिया व मूलतः बगीचा बासेन निवासी 29 वर्षीय एड्रियन राजेंद्र तिग्गा, डांड़गांव मनोरा निवासी 27 वर्षीय भूपेंद्र भगत, व सकालो निवासी जीवन प्रकाश को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 36(च) (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं चौकी रघुनाथपुर पुलिस टीम द्वारा दर्रीडीह सिंह ढाबा के सामने कार्रवाई करते हुए चेंद्रा सुमेरपुर निवासी 35 वर्षीय संजय पटेल को 4 पाव अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### मनाया गया आस्था का पर्व गंगा दशहरा



**लखनपुर।** सदियों पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को गंगा दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थी। राजा भगीरथ ने कठिन तपस्या कर अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए मां गंगा को स्वर्ग से धरती पर उतारा था। गंगा तीर्थ में स्नान करने से पापों का नाश होता है तथा शुभ फलों की प्राप्ति होती है। जीवन में चल रहे परेशानियों से छुटकारा मिलता है। इस दिन गंगा के दर्शन मात्र से जीवों को कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## समर्थ सूरजपुर के एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए 92 माध्यमिक शालाओं के शिक्षक

**रामानुजनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के एक ड्रीम प्रोजेक्ट समर्थ सूरजपुर का एक दिवसीय कार्यशाला कन्या शाला में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर शिक्षक बिहारी लाल साहू ने इस कार्य योजना के बारे में विकासखंड के 92 माध्यमिक शाला के शिक्षकों को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू की उपस्थिति में बताया। ज्ञात हो कि कलेक्टर का शिक्षा विभाग में सत्र 2024-25 के शुरुआती दौर में इस प्रशिक्षण को कराने का उद्देश्य एक नई ऊर्जा और उम्मीद के साथ शिक्षकों को शाला में भेजना है। जिसमें उन्हें सिक्स थीम पर साल भर काम करना है। बच्चों के साथ-साथ शिक्षक स्वयं को भी अपडेट कर सकें। बढ़ती प्रौद्योगिकी का उपयोग करना, स्वयं से सीखना, सिखाना कैसे है यह सीखना, बच्चे और अधिक सीखें इसके लिए चुनौतियां देना, विषय मित्र गली मित्र, बच्चों के जिज्ञासु रवैया का सम्मान करना, सेल्फी विद सक्सेस, अपने अनुभव लेखन की आदत बनाने जैसे 7 बिंदुओं पर कार्य करने की सीख दी गई।



### श्री रामलला दर्शन के लिए आज अम्बिकापुर से अयोध्या रवाना होगी ट्रेन

**बिश्रामपुर।** श्री राम लला दर्शन योजना के तहत आगामी 19 जून बुधवार को अम्बिकापुर स्टेशन से स्पेशल ट्रेन अयोध्या जी के लिए रवाना होगी जिसका टाइम रूटीन टेबल रेलवे प्रबंधन ने जारी कर दिया है।ऑफिस ऑफ द चीफ ऑपरेशन मैनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जारी टाइम टेबल अनुसार भारत गौरव ट्रेन नम्बर 08851/08852 अम्बिकापुर अयोध्या अम्बिकापुर के श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आगामी 19 जून को दोपहर 12 बजे अम्बिकापुर से रवाना होगी जो 21 जून को दोपहर 1.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी।

## रुनियाडीह में शाला स्वच्छता अभियान में कलेक्टर ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर सोमवार को क्षेत्र के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में शाला स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियों, ग्रामवासी व अन्य द्वारा स्वप्रेरणा से श्रमदान का कार्य किया गया।

इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास व अन्य ने श्रमदान कर शाला को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। विद्यालय परिसर के अंदर कचरों का पृथककरण किया गया, जिसमें पेड़ एवं पौधों से गिरे सूखे पत्तों को अलग से एकत्र कर उसे नापेड में डाला गया ताकि उससे निर्मित खाद का उपयोग परिसर के पौधों में खाद के रूप मे किया जा सके। विद्यालय के छत की सफाई भी की गई ताकि बरसाती पानी का ठहराव छत में ना हो। साथ ही सभी के सहयोग से स्कूल के प्रत्येक कक्ष की सफाई की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया व उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यहां जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा बतरा के शासकीय विद्यालय में शाला स्वच्छता अभियान में श्रमदान के माध्यम से योगदान दिया गया।

### शिवनंदनपुर व जयनगर में मना शाला स्वच्छता त्यौहार

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर शाला स्वच्छता अभियान अन्तर्गत संकुल कन्या बिश्रामपुर तथा जयनगर अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शाला भवन, छत, विद्यालय परिसर में उगे घास-फूस तथा शौचालय की साफ-सफाई एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से कर स्वच्छता संबंधी शपथ ली गई।

### श्रमदान कर की गई स्कूल की साफ-सफाई



**भैयाथान।** शासकीय उमावि भैयाथान में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती लूसिया पन्ना के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी रज्जाक अंसारी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार स्वच्छता श्रमदान में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर प्रसाद रजवाड़े, शैलेंद्र प्रसाद गुप्ता, सावन गोयल, श्रीमती नेहा तिवारी, अमन प्रताप सिंह, अभय गुप्ता, आयुष गोयल, अभिषेक गुप्ता और संस्था के कर्मचारी संकुल समन्वयक राम यादव, सेबेस्टियन एक्का, अरुणिमा कुजूर, चंद्रधर चतुर्वेदी, अजय सिंह, अर्जुन भूमिया, अंजली लकड़ा, शुभांजलि कच्छप, शैलेश द्विवेदी, रामशरण मिश्रा, अकाक्षा मिश्रा, प्रभा टोप्पो, पूनम सिंह उपस्थित रहे। सभी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि ने शाला प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता श्रमदान करने का संदेश दिया।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**रामानुजनगर।** शासकीय उमावि में प्राचार्य पीसी सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नया शिक्षा सत्र के प्रारंभ से पहले विद्यालय प्रांगण एवं सम्पूर्ण विद्यालय में साफ सफाई कर कचरे का निदान किया गया। पाउच, पन्नी, पॉलीथिन को आग लगाकर नष्ट किया गया। संस्था के स्टाफ द्वारा प्रांगण की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस दौरान व्याख्याता दिलीप कुमार शर्मा, गोपाल सिंह, सुनील गुप्ता, प्रधानपाठक प्रकाश जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, व्यायाम शिक्षक मनमोहन प्रसाद, प्रयोगशाला सहायक श्याम सिंह, बंसी लाल, अम्बे,कामता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार की घटना को लेकर कांग्रेसियों का धरना-प्रदर्शन

# भाजपा शासनकाल में बिगड़ी कानून व्यवस्थाः महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कांग्रेसियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने साय सरकार को जमकर कोसा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत के नेतृत्व में छग के बलौदा बाजार में हुई आगजनी की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कांग्रेस कमेटी की ओर से बैकुंठपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के सामने 18 जून की दोपहर कांग्रेसियों द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, नव निर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, डॉ. विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, जिलाध्यक्ष कोरिया प्रदीप गुप्ता, एमसीबी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से आए दिन आगजनी और हिंसक घटनाएं बढ़ी है। ये धरना प्रदर्शन प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को जगाने की मुहिम है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आगे कहा कि अभी छह माह भी नहीं हुए सत्ता में आए और लगातार घटनाएं हो रही है। आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, ऐसे में सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संबोधित करते हुए कहा कि बलौदाबाजार की घटना में सुनियोजित तरीके से भीड़ जुटाई गई थी।



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत।

### निष्पक्ष जांच होः अशोक



**मनेन्द्रगढ़।** बलौदाबाजार में हुई घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निष्पक्ष जांच कराने की मांग कर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध जताया है। कांग्रेस नेता अशोक श्रीवास्तव ने सत्तापक्ष भाजपा पर जमकर निशाना साधा और भाजपा को धर्म की राजनीति करने वाली सरकार बताते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर षड्यंत्र पूर्वक कार्रवाई करने की बात कही है।

